प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

12.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

हड़ताल समाप्त

प्रदेश में पिछले कई दिनों से जारी पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल समाप्त हो गई है जिससे अब राजस्व संबंधी कार्य सुचारू रूप से हो सकेंगे। पटवारी व कानूनगो महासंघ ने आज शिमला में राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के साथ हुई बैठक के बाद हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि बैठक के दौरान महासंघ की विभिन्न मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि महासंघ को ये स्पष्ट कर दिया गया है कि राज्य सरकार द्वारा जारी स्टेट कैडर की अधिसूचना से पटवारी और कानूनगो की पदोन्नति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

प्रश्नकाल

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि एचआरटीसी इस वर्ष के अंत तक एक हजार पुरानी बसों को बदलकर उनके स्थान पर नई बसों की खरीद करेगी। इसके तहत 6 सौ बसों की खरीद का ऑर्डर जारी कर दिया है और इनमें 3 सौ 27 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक रणधीर शर्मा के मूल और बिक्रम ठाकुर व डॉक्टर हंसराज के अनुपूरक सवालों के जवाब में उप–मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी में 15 सौ इलैक्ट्रिक बसों को शामिल करने की योजना है। इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्र सरकार से भी उठाया गया है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि इलैक्ट्रिक बसों की खरीद और चार्जिंग स्टेशन के लिए नाबार्ड की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी का फ्लीट बदलने के लिए चरणबद्ध तरीके से इलैक्ट्रिक बसों की खरीद की जा रही है। विधायक हंसराज के सवाल के जवाब में लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में अब सड़क निर्माण का कार्य तभी शुरू होगा, जब विभाग के नाम उस सड़क की सभी गिफ्ट डीड होगी। उन्होंने कहा कि जिस सड़क की गिफ्ट डीड नहीं होगी, उस सड़क का निर्माण नहीं होगा।

विक्रमादित्य सिंह ने विधायकों से भी कहा कि वे भी अपने–अपने क्षेत्रों में लोगों को इस संबंध में अवगत करवाएं ताकि जमीन विभाग के नाम हो और सड़कों का निर्माण शुरू हो सके। विधायक मलेंद्र राजन और डीएस ठाकुर के सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य में डॉक्टरों के खाली पदों को जल्द भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के दो सौ पदों को भरने के लिए 16 मार्च को परीक्षा रखी गई है। उन्होंने कहा कि 15 सौ पैरामेडिकल और नर्सिंग के पद भी भरे जाएंगे जबकि 33 डेंटल डॉक्टरों के पद बैचवाइज भरे जाएंगे। विधायक विनोद सुल्तानपुरी के सवाल के जवाब में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि सरकार राज्य के ग्रामीण और पर्यटन स्थलों में कूड़ा निस्तारण के लिए 8 सौ ई–व्हीकल की खरीद करेगी। विधायक सुधीर शर्मा के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि समग्र शिक्षा में 64 करोड़ 37 लाख रुपए लैप्स हुए हैं। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा की 95 फीसदी राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा में केंद्र से 3 सौ 36 करोड़ रुपए मिले हैं और इसकी दो ही किस्तें मिली हैं। तीसरी किस्त एक सौ 51 करोड़ रुपए की अभी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि इस राशि के आने के बाद बाकी कार्य पूरे किए जाएंगे।

सिकंदर कुमार

केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने बताया है कि राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड आयुष मंत्रालय ने शतावरी के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 6 फरवरी 2025 से विशेष अभियान शुरू किया है। राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार के एक सवाल के जवाब में संसद में उन्होंने ये जानकारी दी। प्रताप राव जाधव ने बताया कि शतावरी पौधे की कंदीय जड़ें महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत शतावरी के पौधों का वितरण आई.ई.सी. सामग्री और कार्यशालाओं के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। डॉक्टर सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में केन्द्रीय रसायन व उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि खरीफ 2024 में किसानों को पी. एंड के. उर्वरकों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए गए।